# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न-पत्र

## सत्र: 2024-25

## कक्षा - बारहवीं

## समाजशास्त्र ( कोड : 039 )

अवधि: 3 घंटे अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।

2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।

4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है । ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

7. प्रश्न संख्या 33 का उत्तर दिए गए ग्राफिक्स की मदद से देना है।

| | खण्ड [क] | |
|---|---|---|
| 1 | अभिकथन(A) : प्रत्येक जाति का समाज में एक विशिष्ट स्थान होने के साथ-साथ एक क्रम श्रेणी भी होती है।<br>कारण (R) : एक सीढ़ीनुमा व्यवस्था जो ऊपर से नीचे जाती है, में प्रत्येक जाति का एक विशिष्ट स्थान होता है।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | अभिकथन(A) : आधुनिक भारत में स्त्रियों की स्थिति का प्रश्न उन्नीसवीं सदी के मध्य वर्गीय सामाजिक सुधार आंदोलनों के एक हिस्से के रूप में उदित हुआ।<br>कारण (R) : इन आंदोलनों का स्वरूप सभी क्षेत्रों में एक जैसा नहीं था।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 3 | जहाँ जनसंख्या का विस्तार ज्यामितीय या गुणोत्तर रूप से (जैसे 2, 4, 8, 16, 32 आदि की शृंखला में ) होता है वहीं कृषि उत्पादन में वद्धिृ गणितीय या समांतर रूप से (जैसे 2, 4, 6, 8, 10 आदि की तरह) होती है।<br><br>निम्नलिखित में से कौन सा क्रमशः ज्यामितीय रूप और गणितीय रूप को उचित रूप से समझाता है ?<br><br>I. 1,2,3,4 and 5,6,7,8<br>II. 2, 6, 18, 54 and 2,4,6,8<br>III. 2,5,7,8 and 3,2,5,7,<br>IV. 3,9,27,81 and 3,6,9,12<br><br>(क ) I और II<br>(ख ) I और III<br>(ग ) I और IV<br>(घ ) II और IV | 1 |
| 4 | अभिकथन(A) : सांप्रदायिकता राजनीति से सरोकार रखती है धर्म से नहीं।<br>कारण (R) : संप्रदायवादी धर्म के साथ गहन रूप से जुड़े होते हैं ।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 5 | बगान मालिकों के जीवन के विषय में निम्न में से क्या सही नहीं है -<br><br>(क) वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ उच्च स्तरीय जीवन शैली में रहते थे ।<br>(ख) उनकी जीवन शैली ऐश्वर्यपूर्ण थी।<br>(ग) उनके पास हर प्रकार की सुख-सुविधा थी।<br>(घ) वे अपना सारा कार्य खुद ही करते थे । | 1 |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 6 | विश्व भर में बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा कार्यालय - कर्मी अपने काम पर पाँच या छः दिन ही जाते हैं तथा सप्ताहांत में विश्राम करते हैं। फिर भी छुट्टी वाले दिन आराम करने वाले व्यक्तियों में से बहुत थोड़े लोगों को ही इस बात का आभास है कि यह छुट्टी का दिन मज़दूरों के एक लंबे संघर्ष का परिणाम है। सामाजिक आंदोलनों ने उस विश्व को एक आकार दिया है जिसमें हम रहते हैं, और ये निरंतर ऐसा कर रहे हैं।<br><br>दिए गए गद्यांश के आधार पर, प्रश्न 6 और प्रश्न 7 का उत्तर दें<br><br>निम्न सामाजिक आंदोलनों का परिणाम हैं -<br>I कार्य दिवस का आठ घंटे से अधिक का न होना<br>II पुरुषों तथा महिलाओं को समान कार्य के लिए समान मजदूरी दिया जाना<br>III मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा<br>IV पेंशन के अधिकार<br><br>(क) केवल I<br>(ख) केवल II<br>(ग) III और IV<br>(घ) I ,II ,III ,IV | 1 |
| 7 | निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक आंदोलनों के विषय में सही नहीं है -<br>(क) निरंतर सामूहिक गतिविधियों की आवश्यकता होती है।<br>(ख) सामूहिक गतिविधियों प्रायः राज्य के विरुद्ध होती हैं ।<br>(ग) सामाजिक आंदोलन स्वतःस्फूर्त होता है।<br>(घ) सामाजिक आंदोलन में भाग लेने वाले लोगों के उद्देश्य में समानता होती है। | 1 |
| 8 | अभिकथन(A) : एक स्तर पर, एक देश के द्वारा दूसरे देश पर शासन को उपनिवेशवाद माना जाता है।<br>कारण (R) : उपनिवेशवाद के कारण जो परिवर्तन आए वह साधारण थे ।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | कभी-कभी काम की बुरी दशाओं के कारण कामगार हड़ताल कर देते हैं। वे काम पर नहीं जाते, तालाबंदी की दशा में व्यवस्थापक मिल का दरवाजा बंद कर देते हैं और मजदूरों को अंदर जाने से रोकते हैं। हड़ताल करना मुश्किल फैसला होता है क्योंकि व्यवस्थापक अतिरिक्त मजदूरों को बुलाने का प्रयास करते हैं। कामगारों के लिए भी बिना वेतन के रहना मुश्किल हो जाता है।<br>**दिए गए गद्यांश के आधार पर, प्रश्न 9 और प्रश्न 10 का उत्तर दें**<br><br>1982 में बंबई टैक्सटाइल मिल की प्रसिद्ध हड़ताल के विषय में क्या सही है -<br>I डा. दत्ता सामंत की अगुवाई में हुई थी<br>II इसकी वजह से लगभग ढाई लाख कामगार और उनके परिवार के लोग प्रभावित हुए थे।<br>III कामगारों की माँग थी कि उन्हें बेहतर मजदूरी और अपने खुद के संघ बनाने की इजाजत दी जाए।<br>IV कामगारों की सारी माँगे मान ली गई<br>(क) केवल I<br>(ख) केवल III<br>(ग) I, II और III<br>(घ) I , II और IV | 1 |
| 10 | तालाबंदी में क्या किया जाता है -<br>(क) व्यवस्थापक मिल का दरवाज़ा बंद कर देते हैं ।<br>(ख) कामगार मिल का दरवाजा बंद कर देते हैं ।<br>(ग) सरकार द्वारा मिल बंद कर दी जाती है<br>(घ) मज़दूर संघ मिल का दरवाज़ा बंद कर देते हैं । | 1 |
| 11 | शिशु मृत्यु दर के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?<br><br>(क) शिशु मृत्यु दर उन बच्चों की मृत्यु की संख्या दर्शाती है जो जीवित पैदा हुए 1000 बच्चों में से दो वर्ष की आयु प्राप्त होने से पहले ही मौत के मुँह में चले जाते हैं ।<br><br>(ख) शिशु मृत्यु दर उन बच्चों की मृत्यु की संख्या दर्शाती है जो जीवित पैदा हुए 100 बच्चों में से एक वर्ष की आयु प्राप्त होने से पहले ही मौत के मुँह में चले जाते हैं ।<br><br>(ग) शिशु मृत्यु दर उन बच्चों की मृत्यु की संख्या दर्शाती है जो जीवित पैदा हुए 1000 बच्चों में से एक वर्ष की आयु प्राप्त होने से पहले ही मौत के मुँह में चले जाते हैं ।<br><br>(घ) शिशु मृत्यु दर उन बच्चों की मृत्यु की संख्या दर्शाती है जो जीवित पैदा हुए 1000 बच्चों में से पाँच वर्ष की आयु प्राप्त होने से पहले ही मौत के मुँह में चले जाते हैं । | 1 |
| 12 | जनजातियों के स्थायी लक्षण इनमें से किस आधार पर नहीं होते हैं ?<br>(क) क्षेत्र<br>(ख) भाषा<br>(ग) शारीरिक बनावट<br>(घ) आजीविका | 1 |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 13 | अभिकथन(A) : किसी भी समूह का संस्कृतीकरण उसकी प्रस्थिति को स्थानीय जाति संस्तरण में उच्चता की तरफ़ ले जाता है।<br>कारण (R) : सामान्यतया यह माना जाता है कि संस्कृतीकरण संबंधित समूह की आर्थिक अथवा राजनीतिक स्थिति में सुधार है<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 14 | अभिकथन(A) : सामाजिक असमानता एवं बहिष्कार का यह रोज़मर्रापन - इनका इस प्रकार रोज़ाना घटित होना - इन्हें स्वाभाविक बना देता है।<br>कारण (R) : ऐसा लगने लगता है कि यह एकदम सामान्य बात है, ये कुदरती चीज़े हैं जिन्हें बदला नहीं जा सकता।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 15 | आत्मसात्करण के विषय में इनमें से क्या सही है -<br>(क) जिसके अंतर्गत एक संस्कृति दूसरी संस्कृति के साथ मिल जाती है।<br>(ख) जिसके अंतर्गत एक संस्कृति का दूसरी संस्कृति से कोई लेना देना नहीं होता ।<br>(ग) जिसमें व्यक्ति आत्ममंथन करता है ।<br>(घ) जिसके अंतर्गत एक विशेष संस्कृति को ही दूसरी संस्कृति के साथ मिलना होता है। | 1 |
| 16 | निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में रखिए।<br>I. अतीत का यह ज्ञान किसी भी व्यक्ति या समूह या फिर भारत जैसे पूरे देश को जानने हेतु आवश्यक है।<br>II. भारत के अतीत की जानकारी प्राचीन एवं मध्यकालीन भारत को जानने से मिलती है।<br>III. वर्तमान को समझने के लिए यह ज़रूरी है कि उसके अतीत के कुछ पक्षों की भी जानकारी हो।<br>IV. जबकि आधुनिक भारत को समझने के लिए जरूरी है कि भारत के औपनिवेशिक अनुभवों को जानें।<br><br>(क) I,II,III,IV<br>(ख) II ,III, I , IV<br>(ग) III , I , II , IV<br>(घ) IV , III, I , II | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | खण्ड [ख] | |
| 17 | रामचंद्र गुहा की पुस्तक अनक्वाइट वुड्स के अनुसार गाँववासी अपने गाँवों के निकट के ओक तथा रोहोडैड्रोन रोहोडैनड्रोन के जंगलों को बचाने के लिए एक साथ आगे गए। सरकारी जंगल के ठेकेदार पेड़ों को काटने के लिए आए तो गाँववासी, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएँ शामिल थीं, आगे बढ़े और कटाई रोकने के लिए पेड़ों से चिपक गए ।<br>गाँववासी, पेड़ों से चिपक गए । इससे क्या प्रदर्शित होता हैं ? ऐसा करने के पीछे गाँववासियों के पास क्या कारण थे ? | 2 |
| 18 | संविदा खेती से आप क्या समझते हैं ? संविदा खेती किसानों के लिए अधिक असुरक्षा किस प्रकार बन जाती है ? | 2 |
| | अथवा | |
| | कृषि के अलावा ग्रामीण भारत में लोगों के जीविका के जो स्रोत हैं , उनका वर्णन करें ? | |
| 19 | विशेषाधिकारप्राप्त अल्पसंख्यक से आप क्या समझते हैं ? | 2 |
| 20 | समाज सुधारक आंदोलनों में कुछ विषयगत समानताएँ थी ? दो विषयगत समानताओं का उल्लेख करें । | 2 |
| | अथवा | |
| | आज के युग में पीढ़ियों के बीच संघर्ष और मतभेद बढ़ रहा है । क्या आप इससे सहमत है ? अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्क दें । | |
| 21 | पराश्रितता अनुपात जनसंख्या के पराश्रित और कार्यशील हिस्सों को मापने का साधन है। (पराश्रित वर्ग में ऐसे बुजुर्ग लोग आते हैं जो अपने बुढ़ापे के कारण काम नहीं कर सकते और ऐसे बच्चे भी आते हैं जो इतने छोटे हैं कि काम नहीं कर सकते)। कार्यशील वर्ग में आमतौर पर 15 से 64 वर्ष की आयु के लोग होते हैं। पराश्रितता अनुपात 15 वर्ष से कम और 64 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की संख्या को 15 से 64 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों की संख्या से भाग देने के बाद प्राप्त हुई संख्या के बराबर होता है।<br><br>किस प्रकार बढ़ता हुआ पराश्रितता अनुपात चिंता का कारण बन जाता है और गिरता हुआ पराश्रितता अनुपात आर्थिक संवृद्धि और समृद्धि का स्रोत बन सकता है ? | 2 |
| 22 | असक्षमता और गरीबी के बीच एक अटूट संबंध होता है। कुपोषण, बार-बार बच्चे पैदा करने से कमज़ोर हुईं माताएँ रोग-प्रतिरक्षा के अपर्याप्त कार्यक्रम, भीड़-भाड़ भरे घरों में दुर्घटनाएँ- ये सब बातें एक साथ मिलकर गरीब लोगों में असक्षमता की ऐसी स्थिति ला देती हैं जो आसान परिस्थितियों में रहने वाले लोगों की तुलना में काफी गंभीर होती हैं ।<br><br>दो उदाहरण दे कर बताये कि किस प्रकार असक्षमता और गरीबी के बीच एक अटूट संबंध होता है । | 2 |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 23 | हमारे देश में स्थापित संसदीय ,विधि एवं शिक्षा व्यवस्था ब्रिटिश प्रारूप व प्रतिमानों पर आधारित है। यहाँ तक कि हमारा सड़कों पर बाएँ चलना भी ब्रिटिश अनुकरण है। सड़क के किनारे रेहड़ी व गाड़ियों पर हमें 'ब्रेड-ऑमलेट' और 'कटलेट' जैसी खाने की चीजें आमतौर पर मिलती हैं। और तो और, एक प्रसिद्ध बिस्कुट निर्माता कंपनी का नाम भी 'ब्रिटेन' से संबद्ध है।<br><br>क्या आपको लगता है कि हम आज भी ब्रिटिश अनुकरण कर रहे है ? उचित उदाहरण सहित स्पष्ट करें । | 2 |
| 24 | स्वतंत्रता एवं उदारवाद के नवीन विचार, परिवार रचना एवं विवाह से संबंधित नए विचार, माँ एवं पुत्री की नवीन भूमिका एवं परपरा एवं संस्कृति में स्वचेतन गर्व के नवीन विचार आए। शिक्षा के मूल्य अत्यंत महत्वपूर्ण हुए। यह समझा गया कि राष्ट्र का आधुनिक बनना जरूरी है लेकिन प्राचीन विरासत को बचाए रखना भी जरूरी है। महिलाओं की शिक्षा के विषय में भी व्यापक बहस हुई।<br><br>महिलाओं का शिक्षित होना समाज के उत्थान के लिए जरूरी है । क्या आप इस कथन से सहमत है ? अगर है तो क्यों और नहीं है तो क्यों ? | 2 |
| 25 | किसी भी नागरिक को उसके धर्म, जाति, पंथ या लिंग के कारण सार्वजनिक रोज़गार, शक्ति या सम्मान का पद दिए जाने अथवा कोई भी व्यापार या धंधा किए जाने के संबंध में निर्योग्य नहीं ठहराया जाएगा ।<br><br>इस कथन से आप क्या समझ पा रहे है ? यह घोषणा कब और किसके लिए की गयी थी ? | 2 |
| | खण्ड [ग] | |
| 26 | समकालीन दौर में जाति व्यवस्था में हुए अत्यंत महत्त्वपूर्ण फिर भी विरोधाभासी परिवर्तनों में से एक परिवर्तन यह है कि अब जाति व्यवस्था उच्च जातियों, नगरीय मध्यम और उच्च वर्गों के लिए 'अदृश्य' होती जा रही है। इन समूहों के लिए, जो स्वातंत्र्योत्तरकाल की विकासात्मक नीतियों से सर्वाधिक लाभान्वित हुए हैं, जातीयता का महत्त्व सचमुच कम हो गया प्रतीत होता है ।<br><br>जाति व्यवस्था किस प्रकार एक कठोर व्यवस्था है ? किन कारणों से यह कहा जा सकता है की जाति व्यवस्था उच्च जातियों, नगरीय मध्यम और उच्च वर्गों के लिए 'अदृश्य' होती जा रही है ? | 4 |
| 27 | बहुत कम अनुपात में लोग विज्ञापन या रोज़गार कार्यालय के द्वारा नौकरी प्राप्त कर पाते हैं। वे लोग जो स्वनियोजित हैं जैसे- नलसाज, बिजली मिस्त्री और बढ़ई (खाती या तरखान) एक तरफ़ हैं और निजी ट्यूशन देने वाले अध्यापक, वास्तुकार और स्वतंत्र रूप से काम करने वाले छाया चित्रकार, दूसरी तरफ हैं, इन सभी की कार्य अवधि इनके निजी संपर्कों पर निर्भर रहती है।<br><br>किस प्रकार से लोग काम पाते हैं ? विभिन्न काम पाने के तरीकों को विस्तार से बताए । | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 28 | सामाजिक संसाधनों तक असमान पहुँच की पद्धति ही साधारणतया सामाजिक विषमता कहलाती है। कुछ सामाजिक विषमताएँ व्यक्तियों के बीच स्वाभाविक भिन्नता को प्रतिबिंबित करती हैं, उदाहरणस्वरूप उनकी योग्यता एवं प्रयास में भिन्नता। कोई व्यक्ति असाधारण बुद्धिमान या प्रतिभावान हो सकता है या यह भी हो सकता है कि उसने समृद्धि और अच्छी स्थिति पाने के लिए कठोर परिश्रम किया हो तथापि सामाजिक विषमता व्यक्तियों के बीच सहज या 'प्राकृतिक भिन्नता की वजह से नहीं है, बल्कि यह उस समाज द्वारा उत्पन्न की जाती है जिसमें वे रहते हैं।<br>समाजशास्त्री के अनुसार सामाजिक स्तरीकरण क्या है ? सामाजिक स्तरीकरण के तीन मुख्य सिद्धांत कौन से हैं ? | 4 |
| | अथवा | |
| | पूर्वाग्रह एक समूह के सदस्यों द्वारा दूसरे समूह के बारे में पूर्वकल्पित विचार या व्यवहार होता है। इस शब्द का अक्षरशः अर्थ 'पूर्वनिर्णय' है अर्थात् वह धारणा जो बिना विषय को जाने और बिना उसके तथ्यों को परखे शुरुआत में ही बना ली जाती है। एक पूर्वाग्रहित व्यक्ति के पूर्वकल्पित विचार सबूत - साक्ष्यों के विपरीत सुनी-सुनाई बातों पर आधारित होते हैं। यह नई जानकारी प्राप्त होने के बावजूद बदलने से इंकार करते हैं। पूर्वाग्रह सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों हो सकता है।<br><br>पूर्वाग्रह किस प्रकार की धारणाओं पर आधारित होते हैं ? क्या आपको लगता है की पूर्वाग्रह के आधार पर निर्णय लेना चाहिए ? अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्क दें ? | |
| 29 | हम सबको शक्ति, एक मजबूत घर, कपड़े और अन्य सामानों की आवश्यकता होती है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए ये किसी के (प्रायः बहुत खराब अवस्था में) काम करने की वजह से हमें प्राप्त होते हैं। सरकार ने कार्य की दशाओं को बेहतर करने के लिए बहुत से कानून बना दिए हैं। हम एक खदान की अवस्था को देखते हैं जहाँ बहुत से लोग काम करते हैं।<br>सरकार द्वारा कार्य की दशाओं को बेहतर करने के लिए कौन से कदम उठाए गए है, उनकी विवेचना करें ? | 4 |
| 30 | भारत में हरित क्रांति तथा इसके द्वारा जो समाज पर प्रभाव छोड़े गए, उन पर चर्चा कीजिए । | 4 |
| 31 | निम्नलिखित को विस्तार से समझाये -<br>(क) मूल या एकाकी परिवार<br>(ख) विस्तृत या संयुक्त परिवार<br>(ग) पितृस्थानीय परिवार<br>(घ) मातृवंशीय परिवार | 4 |
| 32 | प्रवासी कृषि मजदूरों की बढ़ोतरी ग्रामीण समाज का एक अन्य महत्वपूर्ण परिवर्तन है जो कृषि के व्यापारीकरण से जुड़ा है। मजदूरों अथवा पहरेदारों तथा भूस्वामियों के बीच संरक्षण का पारंपरिक संबंध टूटने से तथा पंजाब जैसे हरित क्रांति के संपन्न क्षेत्रों में कृषि मजदूरों की माँग बढ़ने से मौसमी पलायन का एक प्रतिमान उभरा जिसमें हज़ारों मजदूर अपने गाँवों से अधिक संपन्न क्षेत्रों , जहाँ मजदूरों की अधिक माँग तथा उच्च मज़दूरी थी, की तरफ़ संचार करते हैं ।<br><br>कृषि के अधिक व्यापारीकरण ने किस प्रकार ग्रामीण जीवन को प्रभावित किया ? | 4 |

https://www.evidyarthi.in

खण्ड [घ]

33

सारणी 2 : भारत की जनसंख्या की आयु संरचना, 1961–2026

| वर्ष | आयु वर्ग | | | जोड़ |
|---|---|---|---|---|
| | 0–14 वर्ष | 15–59 वर्ष | 60 वर्ष से अधिक | |
| 1961 | 41 | 53 | 6 | 100 |
| 1971 | 42 | 53 | 5 | 100 |
| 1981 | 40 | 54 | 6 | 100 |
| 1991 | 38 | 56 | 7 | 100 |
| 2001 | 34 | 59 | 7 | 100 |
| 2011 | 29 | 63 | 8 | 100 |
| 2026 | 23 | 64 | 12 | 100 |

टिप्पणी: आयु वर्ग के खानों में उनके हिस्सों का प्रतिशत दिया गया है, हो सकता है कि कहीं पूर्णांकन के कारण इन प्रतिशतांशों का जोड़ 100 न हो।

स्रोत: राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के जनसंख्या प्रक्षेप विषयक तकनीकी समूह के आँकड़ों (1996 और 2006) पर आधारित
1996 की रिपोर्ट के वेबपृष्ठ *https://populationcommission.nic.in/facts1.htm*

© NCERT not to be republished

उपरोक्त आँकड़ों को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) ऐसे कौन से कारण है जिसके कारण कहा जा सकता है कि भारत की जनसंख्या बहुत जवान है? 2

(ख) जनसंख्या की आयु संरचना से क्या तात्पर्य है? आयु संरचना किस प्रकार बदलती रहती है ? सारणी में क्या दर्शाया गया है ? सारणी के अनुसार देश की संपूर्ण जनसंख्या में 15 वर्ष से कम आयु वाले वर्ग का हिस्सा जो 1971 में 42% के सर्वोच्च स्तर पर था घटकर 2011 में कितना रह गया ? 4

(प्र. 33. दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के लिए )

भारत की जनसंख्या बहुत जवान है यानी अधिकांश भारतीय युवावस्था में हैं और यहाँ की आयु का औसत भी अधिकांश अन्य देशों की तुलना में कम है। देश की संपूर्ण जनसंख्या में 15 वर्ष से कम आयु वाले वर्ग का हिस्सा जो 1971 में 42% के सर्वोच्च स्तर पर था घटकर 2011 में 29% के स्तर पर आ गया है। 15-59 के आयु वर्ग का हिस्सा 53% से कुछ बढ़कर 63% हो गया है जबकि 60 वर्ष से ऊपर की आयु वाले वर्ग का हिस्सा बहुत छोटा है लेकिन वह उसी अवधि के दौरान (5% से 7% तक) बढ़ना शुरू हो गया है।

(क) ऐसे कौन से कारण है जिसके कारण कहा जा सकता है कि भारत की जनसंख्या बहुत जवान है ?

(ख) जनसंख्या की आयु संरचना से क्या तात्पर्य है ? यह किस प्रकार बदलती रहती है ? सारणी में क्या दर्शाया गया है ? सारणी के अनुसार देश की संपूर्ण जनसंख्या में 15 वर्ष से कम आयु वाले वर्ग का हिस्सा जो 1971 में 42% के सर्वोच्च स्तर पर था घटकर 2011 में कितना रह गया ?

34 नागरिक समाज किस प्रकार से समाज में काम करते हैं ? विस्तार से चर्चा करें । 6

35 सामाजिक आंदोलनों को किस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है ? प्रत्येक के विषय में विस्तार से बताए । 6

https://www.evidyarthi.in/